卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 299 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦6 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## 508 रेलवे स्टेशनों की बदलेगी तस्वीर : मोदी

### पीएम मोदी ने लांच की अमृत भारत स्टेशन स्कीम

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24470 करोड़ रुपये होगी। इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान होंगी। इन सभी स्टेशन के नए डिजाइन स्थानीय संस्कृति और विरासत पर आधारित होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना देश भर में 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए शुरू की गई थी। इसके तहत देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जाएगा। इस मौके पर पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, रेलवे में जितना काम हुआ है, वह हर किसी को प्रसन्न और हैरान करती है। दुनिया में दक्षिण अफ्रीफा, यूक्रेन, पोलैंड, यूके और स्वीडन जैसे देशों



में जितना रेल नेटवर्क है उससे अधिक रेल ट्रैक हमारे देश में इन 9 वर्षों में बिछाए गए हैं। साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में कुल जितना रेल ट्रैक है उससे अधिक रेल ट्रैक भारत में अकेले पिछले साल बनाए हैंपीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक पल के मौके पर कहा, 2030 तक भारत एक ऐसा देश होगा जिसकी रेलवे नेट जीरो उत्सर्जन पर चलेगी। हमारा जोर भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के साथ ही पर्यावरण फ्रेंडली बनाने पर भी है। जल्द भारत के शत प्रतिशत रेलवे ट्रैक इलैक्ट्रीफाइड होने जा रहे हैं। बिजली बनाने वाले रेलवे स्टेशनों का संख्या भी 1200 से ज्यादा हो गई है। हमारा लक्ष्य यही है कि आने वाले समय में सभी स्टेशन ग्रीन एनर्जी बनाए। देशभर में रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास समारोह ऐतिहासिक अमृत भारत स्टेशन योजना (शेष पेज सात पर)

## रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प कर रही मोदी सरकार : धामी

### हर्रावाला और हरिद्वार रेलवे स्टेशन होंगे विकसित

देहरादून(उद संवाददाता)। रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देहरादून के हर्रावाला रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत भारत (शेष पेज सात पर)




## मकान गिरने से दो मासूमों की मलबे में दबकर मौत

धनोल्टी(उद संवाददाता)। टिहरी के तहसील धनोल्टी के मरोड़ा गांव से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। रात में भारी बारिश इस कदर तबाही बनकर बरसी की एक घर की दीवार भरभराकर टूट गई। इस दौरान घर के अंदर सो रहे दो बच्चों की मलबे के ढेर में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक बुजुर्ग के हल्की चोटें आई है। हादसा शुक्रवार देर रात दो बजे के आसपास का है। मरोड़ा गांव में (शेष पेज 7 पर)



## दस बाईकों सहित तीन वाहन चोर गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में हो रही बाईक चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुये पुलिस ने 3 वाहन चोरों को धरदबोचा है। पुलिस ने इनके पास से 10 बाईकों को भी बरामद किया है। रूद्रपुर थाना क्षेत्र में बढ़ रही मोटर साईकिलो की चोरी के खुलासे के लिये एसएसपी द्वारा एसपी और एएसपी के निर्देशन में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों ने अपने वरिष्ठों के निर्देशन में कार्य करते हुये अपनी योग्यता का परिचय देते हुये (शेष पेज 7 पर)





## पपेन्द्र के हत्यारे तक पहुंची पुलिस

किच्छा (उद संवाददाता)। विगत रात्रि पुलभट्टा थाना के फ्लाई ओवर ब्रिज पर मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस हत्यारोपी की तलाश में निरंतर जुटी रही और आखिरकार पुलिस को उसे गिरफ्तार करने में सफलता भी हासिल हो गई। जिसका पुलिस द्वारा शीघ्र खुलासा किया जायेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओवर ब्रिज पर हत्या कर डाले गए अज्ञात व्यक्ति की लाश को हत्यारा सड़क दुर्घटना का रूप देना चाहता था। किंतु पुलभट्टा थाना अध्यक्ष की तेजतर्रार निगाहों ने इसे हत्या मानते हुए मामले की गहराई तक जाने का मन बनाया और हत्यारे तक पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त ग्राम बुखारपुर थाना नवाबगंज बरेली निवासी 40 उवर्षीय पपेन्द्र सिंह उर्फ लाडी पुत्र मंजीत सिंह के रूप हुई थी। उसके मामा ग्रीनपार्क कालोनी निवासी जसपाल सिंह पुत्र प्यारा सिंह ने पुलिस को बताया कि पपेन्द्र एक अगस्त की रात्रि लालकुआं से लापता हो गया था। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा मृतक के मोबाईल की काल डिटेल से पुलिस के हाथ हत्यारोपी के गले तक पहुंच गये।

## किराना की दुकान में चोरी का खुलासा,तीन आरोपी गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने किराने की दुकान पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को सामान, कागजात एवं नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां उन्हें जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरुद्वारा मार्ग पर वार्ड नंबर पांच में स्थित हरिशंकर अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय महावीर अग्रवाल की हरिशंकर किराना स्टोर नाम से किराने की दुकान है। दुकान के सामने किराने का गोदाम है। शनिवार को दुकान में काफी भीड़ लगी थी। मौका पाकर अज्ञात चोरों ने गोदाम में जा घुसे । जहां से उन्होंने दो पीपे सरसों के तेल, काले रंग के बैग में कुछ कागजात थे तथा 1500 रूपये की नकदी चुरा ली और फरार हो गये। दुकान स्वामी हरिशंकर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और चोरों के खिलाफ कांबिंग (शेष पेज 7 पर)

## यूक्रेन भेजकर नौकरी लगाने के नाम पर 6.30 लाख ठगे

### ढाई करोड़ से अधिक कर चुका है हड़प

काशीपुर(उद संवाददाता)। यूक्रेन भेजने के नाम पर लगभग 6:30 लाख रुपयों की ठगी का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में है। पुलिस में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कानूनगोयान काशीपुर निवासी इमरान अहमद पुत्र बशीर अहमद ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी मुलाकात चीमा चौराहे के समीप स्पेक्ट्रम मॉल में विदेश भेजने के नाम पर ऑफिस चलाने वाले चकरपुर बाजपुर निवासी फहीम अहमद पुत्र नजाकत हुसैन से हुई। फहीम ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश में नौकरी लगवाने का काम करता है। उसने अब तक दर्जनों लड़कों को विदेश में सेटल (शेष पेज 7 पर)

## एक्शन में एसएसपी: जिले के 112 पुलिस कर्मियों का तबादला

### रूद्रपुर में ट्रांजिट कैम्प थाने के 8 व पुलिस लाईन के 22 पुलिस कर्मी शामिल
### काशीपुर, गदरपुर,सितारगंज,केलाखेड़ा, खटीमा,पंतनगर के कई दरोगा बदले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने जनपद की कानून



व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ताबड़तोड़ तबादले करते हुए कुल 112 पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण किये हैं। जिनमें ट्रांजिट कैम्प थाने के 8 व पुलिस लाईन के 22 पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार एएसआई हरीश सिंह खाती को कोतवाली काशीपुर से कार्यालय पुलिस अधीक्षक काशीपुर, कोतवाली किच्छा से अशोक चौधरी को गोपनीय कार्यालय पुलिस अधीक्षक नगर,बिशन सिंह को सीओ कार्यालय, सितारगंज, थाना गदरपुर के राजेन्द्र कुमार को सीओ कार्यालय काशीपुर, थाना पुलभट्टा के अशोक रावत को सीओ कार्यालय रूद्रपुर, थाना ट्रांजिट कैम्प के प्रताप सिंह मेहरा को सीओ कार्यालय खटीमा, कुंदन सिंह को सूचना सैल आरटीआई, थाना दिनेशपुर की गीता भाकुनी को सीओ कार्यालय आप्स, कोतवाली बाजपुर की सरिता विश्वकर्मा को थाना झनकईया, कोतवाली रूद्रपुर के प्रदीप कुमार को वाचक शाखा व.पु.अ. , महावीर सिंह को थाना खटीमा, थाना पंतनगर के सतीश बाबू को चौकी सिडकुल, थाना पंतनगर, राकेश कुमार को थाना रूद्रपुर, कोतवाली सितारगंज के मुकेश चन्द्र को थाना केलाखेड़ा, जितेन्द्र कुमार को थाना ट्रांजिट कैम्प, कोतवाली खटीमा के संतोष उप्रेती को थाना दिनेशपुर, पुलिस लाईन के नरेन्द्र पाठक को थाना केलाखेड़ा स्थानांतरित किया गया। पुलिस लाईन से महेका. संगीता छावड़ा को थाना जसपुर, हेका.अशोक भट्ट को गोपनीय शाखा वपुअ, कां. उमेश सिंह थाना केलाखेड़ा, धर्मेन्द्र मर्तोलिया व दिनेश सिंह रावत थाना रूद्रपुर, सुन्दर बजेठा थाना नानकमत्ता, राधेश्याम लोहनी, इमदाद हुसैन थाना केलाखेड़ा, निकुल जाटव, मनोज कुमार थाना गदरपुर,विरेन्द्र पाण्डे थाना किच्छा, तरूण चौधरी थाना सितारगंज, आकांक्षी, धमेंन्द्र भारती थाना ट्रांजिट कैम्प,सरस्वती कार्की थाना पंतनगर, हरीश भाकुनी रिट सैल प्र.लि.का.सम्बद्ध, संतोष रावत एएनटीएफ सम्बद्ध, भवान सिंह कोतवाली सितारगंज, पुलिस लाईन के हेका. अरूण नयाल को सीओ कार्यालय अमर सिंह को थाना कुंडा, काशीपुर, दीपक पंगरिया को सीओ कार्यालय बाजपुर, कल्लूराम को कार्या. पुलिस अधी. नग, कोतवाली रूद्रपुर के हरवीर सिंह को पुलिस लाईन, धर्मेन्द्र कुमार को थाना गदरपुर, अजय कुमार शाही थाना ट्रांजिट कैम्प, संतोष कुमार आर्या थाना काशीपुर, संतोष कुमार हेडमो. कोतवाली रूद्रपुर, जगदीश बोरा मालखाना मो. कोतवाली रूद्रपुर, रामप्रसाद गोपनीय कार्या. वपुअ, आरती टम्टा फायर स्टेशन से पीआरओ सैल सम्बद्ध, थाना ट्रांजिट कैम्प के अमर सिंह को थाना कुंडा, कुलदीप ंिह को थाना जसपुर, राजेश कुमार को थाना केलाखेड़ा, भगत सिंह पांगती को मालखाना मो. थाना गदरपुर, नरेश सिंह सामंत को मालखाना मो.थाना ट्रांजिट (शेष पेज 7 पर)

# सपा का प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

## एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता : शंभू प्रसाद पोखरियाल

किच्छा(उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी का प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन यहां राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। सम्मेलन में उत्तराखंड में पार्टी की मजबूती एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव एवं जुटना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार होते है, ऐसे में कार्यकर्ता के बगैर पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं रहता। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार और राज्य की सरकार आम जनता का कोई हित नहीं कर पा रही है। पूरे देश में महंगाई से त्राहिमाम त्राहिमाम है, रोजगार खत्म हो रोकने में पूर्ण रूप से असफल हो रही है। उत्तराखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य से सपा के नेता मुलायम सिंह यादव ने किया था,उसके अनुरूप उत्तराखंड का विकास नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विकास के लिए राज्य और केंद्र में समाजवादी पार्टी की सरकार का होना अति जगह जगह महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं, किंतु केंद्र की सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। पार्टी के प्रमुख नेता मतीन सिद्दीकी ने कहा कि उत्तराखंड में नेताजी मुलायम सिंह कौशिक समिति के माध्यम से एक सुंदर उत्तराखंड राज्य का निर्माण करना चाहते थे किंतु विपक्षी दलों द्वारा कौशिक रहे हैं। किन्तु बीजेपी की सरकार इस समस्या में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। चारों ओर लूट खसोट का ही बोल बाला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि उत्तराखंड में समाजवादी की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लग जाना चाहिए। आने वाले लोकसभा विचार रखें तथा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाए और एक सुधीर सुदृढ़ राष्ट्र और राज्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल, राष्ट्रीय सचिव डॉ सत्य नारायण




स्थानीय चुनाव में ध्यान केंद्रित किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जी जान से चुके हैं,जातिवाद चरम सीमा पर है,भाईचारा खत्म होने के कगार पर है। ऐसे में केंद्र सरकार और राज्य सरकार को उखाड़ फेंकना ही समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य से पलायन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचने के लिए लोगों के बीच बीच जाएंगे तथा सरकार सरकार की गलत नीतियों को जनता के सम्मुख रखेंगे। आज देश में महिलाओं का सुरक्षा कवच टूट चुका है, समिति को ना मानकर उत्तराखंड का सुंदर रूप बिगाड़ दिया। वर्तमान में उत्तराखंड बेरोजगारी,पलायन तथा भूमि संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। आज उत्तराखंड के संपूर्ण पर्वतीय इलाके पलायन और बेरोजगारी की मार से जूझ चुनाव में उत्तराखंड से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिता कर केंद्र में भेजा जाना अति आवश्यक है, ताकि एक सुंदर उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार किया जा सके। कार्यकर्ता सम्मेलन में तमाम वक्ताओं ने भी अपने सचान, चंद्रशेखर यादव, लोहिया वाहिनी मतीन सिद्दीकी,प्रदेश प्रभारी एसके राय, कोषाध्यक्ष हेमा बोरा, दिलबर सिंह रावत,आशीष यादव, विजय यादव, साजिद अंसारी, संजय सिंह, कार्यक्रम संयोजक महेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## स्मरण-जप ही कलयुग में मुक्ति पाने का मुख्य मार्ग : पंडित शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही भागवत कथा के आज पंचम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि भगवान की कथा श्रवण और स्मरण करते हुये अपने हृदय को प्रभु चरणों में लीन कर दो और उनके मंगलमय नाम का जाप करो यही कलयुग में मुक्ति पाने का मार्ग है। पंडित विजय शास्त्री ने




कहा कि भगवान की कथा सुनने से भी अनेकों लाभ प्राप्त होते हैं, मन को शांति मिलती हैं और प्रभु की कृपा से जीवन में आए कष्टों का नाश होता है, कथा श्रवण के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आज के प्रसाद की सेवा सभा के उपाध्यक्ष जगमोहन बजाज के परिवार द्वारा दी गयी। इस दौरान कश्मीर बजाज,जगमोहन बजाज, सोमनाथ छाबड़ा,राजकुमार सिंधी सहित सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी जनता मौजूद थी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ती ने मातृशक्ति को स्तनपान के प्रति किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 10 के आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ती आसमां के नेतृत्व में विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह मनाते हुए महिलाओं को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी इससे पूर्व वार्ड क्षेत्र में हाथों में स्लोगन लेकर स्तनपान जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यकर्ती आसमां ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि सामान्य या सिजेरियन प्रसव के उपरांत 1 घंटे के भीतर



नवजात शिशु को स्तनपान कराया जाना आवश्यक है जिससे उसके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न होती है और उसका संक्रमण जैसे कई रोगों से बचाव भी होता है। इस मौके पर सहायिका खुशबू, फिरदौस, आयशा, शफीकन ,शबाना ,रिहाना ,गुलाब जहां, फिरदौस,हनीफा सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

## एनसीडब्ल्यू डीसी के पदाधिकारी हुए सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एनसीडब्ल्यू डीसी की राष्ट्रीय सचिव चंपा त्रिपाठी द्वारा इंटरनेशनल अवॉर्ड सेरिमनी एनसीडब्ल्यू डीसी की राष्ट्रीय सचिव चंपा त्रिपाठी अपनी टीम को राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल पैडमैन डॉक्टर प्रोफेसर वीरेंन दबे के आदेश अनुसार इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया। एनसीडब्ल्यू डीसी के पदाधिकारी भवानी बिष्ट, दीप्ति चौपाल, चंपा चिलबाल, मंजू साह, यूनिष्का बिष्ट, नलिनी त्रिपाठी, निर्मला पांडे, निकिता सुयाल, सुरेश कपिल, सोनू जोशी, उषा जैन, नीता आर्या,




राधा, सुभाष, ममता नेगी, हेम चन्द त्रिपाठी को इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि नेशनल ह्यूमन राइट एंड एंटी क्रप्शन के राष्ट्रीय सचिव शरीफखान, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह, शोभा बिष्ट, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, दिनेश मंडल को एनसीडब्ल्यू डीसी की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सचिव चंपा त्रिपाठी का कहना है कि हमारी एनसीडब्ल्यू डीसी की पूरी टीम उत्तराखंड में गरीब महिलाओं और स्कूल की छात्राओं को सैनिटरी नैपकिंस बांट कर अवेयर और हाइजीन प्रोग्राम कर रही है। पूरे उत्तराखंड में एनसीडब्ल्यू डीसी की टीम द्वारा समय-समय पर पैड यात्राएं भी की जा रही हैं। पूरी टीम के अच्छे कार्य को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया है।

## टाई मैच ने मुकेश पाल से छीना गोल्ड मेडल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देशवासी रात्रि में जब सो रहे थे तब पवार लिफ्टर मुकेश पाल कनाडा की धरती पर भारतवर्ष के लिए खेल के मैदान में स्वर्ण पदक



की लड़ाई लड़ रहे थे। जिसमें वह स्वर्ण पदक जीत भी गए। परंतु युगोस्लाविया के लिफ्टर ने भी भारत के मुकेश पाल के बराबर वजन उठाया। दोनों खिलाड़ियों में टाई हो गया जिसमें युगोस्लाविया के लिफ्टर का शारीरिक वजन 200 ग्राम कम होने की वजह से स्वर्ण पदक युगोस्लाविया को दिया गया। परंतु मुकेश पाल अपने पूरे लिफ्टिंग कैरियर की सबसे शानदार लिफ्टिंग मानते हैं। वह कनाडा पहुंचे भारतीयों के साथ साथ सभी देशों का दिल अपने खेल से जीत लिया। अब वह दो रजत पदक के साथ इंडिया वापसी 9 अगस्त को 11 बजे शताब्दी ट्रेन से करेगे। जिसके स्वागत के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

## पहाड़ी पर बेहोश मिले युवक की मौत से परिजनों में कोहराम

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल में एक युवक अपने घर को डा रहा था. इसी बीच वो बीच रास्ते में बेहोश पड़ा मिला। जानकारी मिलने पर जब परिजन उसे अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नैनीताल में स्कूटी से घर लौट रहा युवक दोगांव के पास पहाड़ी पर बेहोश मिला। इस बात की जानकारी राहगीरों मे परिजनों को दी। जिसके बाद उसे बेस अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है।मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान पहाड़पानी निवासी मोहित के रूप में हुई है। उसके पिता लीलाधार कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। मोहित टैक्सी चलाता है। शुक्रवार को वह स्कूटी से किसी काम से हल्द्वानी आया था। शाम को वापस लौट रहा था।इसी बीच वो रास्ते में रूका और पहाड़ी पर बैठ गया। थोड़ी देर बाद वो वहां पर बेहोश पड़ा मिला। इस बात की जानकारी परिजनों को सड़क पर काम कर रहे मजदूरों ने मोहित के फोन से ही दी।मिली जानकारी के मुताबिक मोहित सीसीटीवी में स्कूटी खड़ी कर ऊपर पहाड़ी की ओर जाता दिख रहा है। अब उसे किसी ने बुलाया था वो खुद गया था इसकी जानकारी अब तक नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि मोहित की शादी एक महीने पहले ही हुई थी। उसकी पत्नी पांच महीने की गर्भवती है।

## संदिग्ध हालात में साड़ी के फंदे से लटकी मिल महिला

खटीमा। एक महिला संदिग्ध हालात में फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। उमरूखुर्द निवासी अंजली (23) पत्नी शिवा राणा शनिवार की देर शाम अपने कमरे पर साड़ी के फंदे से लटके मिली। घटना के समय घर पर ससुर और बहू अकेले थे। पति और सास मजदूरी करने गए थे। सूचना पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण और पुलिस टीम मौक पर पहुंची और परिजनों के सामने कमरे का दरवाजा तोड़कर फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नायब तहसीलदार ने परिजनों के बयान दर्ज किए। रविवार को पैनल में शामिल डॉक्टर अमित बंसल और निशिकांत ने शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एसएसआई अशोक कुमार ने परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि उसकी दो मार्च 2023 को शादी हुई थी। उसका मायका ऊंचीमहुवट में है।

## राहुल गांधी से डरती है भाजपा सरकार-खान

किच्छा(उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सजा पर अंतरिम रोक लगाए हुए आज तीसरा दिन है पर अभी तक राहुल गांधी की सदस्यता को बहाल नहीं किया गया है, इससे प्रतीत होता है कि सरकार



राहुल गांधी का सामना करने से घबराई हुई है। उक्त आरोप नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एन यू खान ने प्रेस को जारी अपने बयान में लगाया है। श्री खान का कहना है कि राहुल गांधी के सवालों से संसद में बचने के लिए ही संभवतः सरकार द्वारा एक साजिश के तहत 24 घंटे के अंदर उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म की गई जिसके विरोध में माननीय सुप्रीम कोर्ट तक कांग्रेस द्वारा इस लड़ाई को लड़ने के बाद गांधी सजा पर अंतरिम रोक लगी और देश की करोड़ों जनता को न्याय मिला। इसके बावजूद श्री गांधी की सदस्यता को बहाल किए जाने में समय लगाया जा रहा है, जिससे लगता है कि केंद्र की सरकार राहुल गांधी के सवालों का सामना करने से बच रही है। कांग्रेस नेता श्री खान ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द से जल्द बहाल किए जाने की मांग की है।

# युवक पर फायर झोंकने वाले दो हिस्ट्रीशीटर किये गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल रोड पर एक हफ्ते पहले युवक पर फायर झोंकने के मामले में पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तमंचा भी बरामद किया है। इस मामले का मुख्य आरोपी ने पहले ही न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इस मामले में एक आरोपी फरार है। रविवार को पुलिस कार्यालय में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि एक मई को आदर्श कॉलोनी निवासी संकेत कुमार अपने साथियों के साथ नैनीताल रोड पर मौजूद एक मॉल से लौट रहा था। इस दौरान कार सवार लालपुर किच्छा निवासी आशुतोष भंडारी उर्फ आशू, जगीर सिंह, आवास विकास किच्छा निवासी मन्नू अरोरा उर्फ कुलदीप और सामिया कॉलोनी निवासी तरनदीप सिंह ने उस पर हमला कर दिया था। आरोपियों ने उस पर तमंचे से फायर किया था, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी करन और मन्नू को संजय वन के पास से गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी आशू ने घटना के तुरंत बाद में न्यायालय में आत्मसमर्पण




कर दिया था और तरनदीप अभी फरार है। आरोपी आशू के खिलाफ गैंगस्टर, मारपीट और हत्या के प्रयास के 12 मामले किच्छा ओर पंतनगर थाने में दर्ज हैं। आरोपी करन के खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट के दो केस किच्छा और पंतनगर में दर्ज हैं। आरोपी मन्नू के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास के चार केस किच्छा और पंतनगर में थाने पंजीकृत हैं। वहीं आरोपी तरनदीप के खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट के दो केस रुद्रपुर और पंतनगर थाने में दर्ज हैं। एसपी सिटी का कहना है कि सभी घटना में शामिल सभी अभ्यस्त आरोपी हैं। सरेंडर करने वाले आरोपी को रिमांड पर ले कर पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा आरोपियों का और भी आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। नैनीताल रोड में फायरिंग करने वाले आरोपी पीड़ित की हत्या करने के लिए पूरी प्लानिंग से आए थे। आरोपी करन ने बताया कि वर्ष 2019 में उसने पड़ोस के एक युवक पर हमला किया था। इसके बाद उसने आशू के साथ मिल कर अपना एक गैंग बना लिया और उसमें कई लड़के भी शामिल किए। उसका कहना है कि एक मई को साथी आशू ने उसे संकेत के बारे में बताया और मारने की योजना बनाई। आशू ने कहा कि संकेत लड़कियों को रिझाता है और उसे सबक सिखाना है। इस पर उसने गैंग के सभी लड़कों को एकत्र कर उन्हें संकेत की फोटो दिखाई और योजना बनाई।

## ट्रांजिट कैंप में जमानत पर आए आरोपी ने लगाई फांसी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में जमानत पर आए आरोपी का शव घर पर संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक चोरी के आरोप में जेल गया था और बृहस्पतिवार को जमानत पर छूटकर घर आया था। रविवार की सुबह वार्ड नंबर तीन ट्रांजिट कैंप अमित राय (28) ने कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं खोला। परिजनों के काफी आवाज देने पर जब कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो उन्होंने अंदर से बंद पड़े दरवाजे को तोड़ दिया। कमरे में अमित पंखे के सहारे चादर के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर कब्जे में लिया। परिजनों के अनुसार शनिवार शाम को अमित ने 500 रुपये मांगे और नहीं मिलने पर झगड़ना शुरू कर दिया था। इसके बाद उसने कमरे को अंदर से बंद कर दिया था। उसके आठ और 11 साल के दो बेटे हैं। वह तीन भाईयों के बीच में दूसरे नंबर का था। आठ महीने पहले वह चोरी के मामले में जेल गया था। पिता मोंटू राय के अनुसार,अमित नशे का आदी था और नशे की पूर्ति के लिए ही उसने चोरियां की थी। जेल से आते ही उसने नशा करना शुरू कर दिया। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसएचओ सुंदरम शर्मा का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## राज्य कर विभाग की टीमों ने देहरादून और हरिद्वार की नौ फार्मा कंपनियों पर मारा छापा

देहरादून(उद संवाददाता)। जीएसटी चोरी करने वाली फार्मा कंपनियों पर राज्य कर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सेंट्रल इंटेलिजेंस यूनिट (सीआईयू) ने देहरादून, हरिद्वार और रुड़की में नौ फार्मा कंपनियों पर छापा मारा है। इनमें चार कंपनियां फर्जी पाई गईं। प्रारंभिक कार्रवाई में 6.4 करोड़ की जीएसटी चोरी का खुलासा हुआ है।फार्मा कंपनियों ने अपनी गलती स्वीकारते हुए 30 लाख का टैक्स जमा किया है। विभाग ने कंपनियों के 2.43 करोड़ की आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) रोक दी है। साथ ही बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। राज्य कर आयुक्त एवं अपर सचिव अहमद इकबाल ने बताया कि शनिवार को विभाग की सीआईयू टीम ने जीएसटी चोरी करने वाली फार्मा मेन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग कंपनियों पर छापा मारा।इस कार्रवाई में देहरादून, हरिद्वार व रुड़की की तीन-तीन कंपनियों के टैक्स संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जीएसटी में पंजीकृत चार कंपनियां सिर्फ कागजों में चल रही हैं। फर्जी कंपनियों के नाम से बिल बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेकर सरकार को राजस्व की चपत लगाई जा रही थी।कंपनियों ने दवाइयों की पैकेजिंग सामग्री और अन्य सामान की सप्लाई दिल्ली, गुजरात व मध्य प्रदेश की कंपनियों से दर्शाई है। दस्तावेजों में माल परिवहन के कोई प्रमाण नहीं मिले। गुजरात में जिस फर्म के नाम से माल आपूर्ति के बिल बनाए जा रहे थे, उसका कोई कारोबार नहीं मिला।जांच में खुलासा हुआ कि फार्मा कंपनियों की ओर से ई-वे बिलों में दिल्ली से पैकेजिंग सामग्री की सप्लाई दिखाई गई। इसमें दिल्ली से ऑटो में 30 लाख की माल परिवहन दिखाया गया। इतनी बड़ी राशि का माल ऑटो में परिवहन करना संभव नहीं है। इसके अलावा जिस ई-वे बिल में दिल्ली से माल उत्तराखंड के दर्शाया गया उस पर माल दूसरे राज्यों में भेजा गया। राज्य कर विभाग की जांच में यह भी खुलासा हुआ है फार्मा कंपनियों ने दिल्ली में जिस कंपनी से मेडिकल का सामान की आपूर्ति दर्शाई है वह स्क्रैब का कारोबार करती है। कबाड़ का काम करने वाली कंपनी दवाइयों के पैकेजिंग व अन्य सामान की सप्लाई कैसे कर सकती है। विभाग इन सभी मामलों की जांच कर रही है।


Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


## शिक्षक पर रिवाल्वर दिखाकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप, हंगामा

बाजपुर(उद संवाददाता)। गांव कनौरा स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल में तैनात एक शिक्षक पर रिवाल्वर दिखाकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान आरोपी बल पर छात्रों के साथ छेड़छाड़ और अभिभावकों को धमकाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने विद्यालय में जाकर आरोपी शिक्षक से पूछताछ करने कि कोशिश की। ग्रामीणों के तेवर देख आरोपी शिक्षक अपनी कार में बैठ गए। किया। गांव कनौरा निवासी दो महिलाओं ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी शिक्षक रिवाल्वर दिखाकर बच्चों को प्रताड़ित करता है। शिकायत करने पर धमकाता है। इसी गांव निवासी एक युवक ने तहरीर देकर



शिक्षक से छीना-झपटी हो गई। आरोपी शिक्षक अपनी कार में बैठ गए। जिस पर ग्रामीणों ने कार की घेराबंदी कर दी। कुछ ग्रामीणों ने कार पर लाठियां भी भांजी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। पुलिस आरोपी शिक्षक से पूछताछ कर रही है। इस मामले में अलग-अलग दो तहरीर पुलिस को दी गई हैं।शनिवार को एक शिक्षक पर अभिभावकों ने लाइसेंसी हथियार के ग्रामीणों ने शिक्षक की कार की घेराबंदी कर दी। कुछ लोगों ने कार पर लाठियां भी भांजी। आरोपी शिक्षक अपनी कार चलाकर पुलिस के साथ जाने लगे। दोराहा पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र राजपूत ने समझाकर मामला शांत कराया। पुलिस आरोपी शिक्षक को अपने साथ कोतवाली ले आई। ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर दोराहा पुलिस चौकी में भी हंगामा बताया कि उसकी बेटी विद्यालय में पढ़ती है। शनिवार को आरोपी शिक्षक ने कक्षा आठ में पढ़ने वाली उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें की। आरोप है कि शिक्षक ने वीडियो भी बनाई है। ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग की। स्कूल में हो रहे हंगामा को शांत कराने पहुंचे पूर्व बीडीसी सदस्य अमीर हुसैन ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

## सोच-समझकर मित्र बनाओ

कुछ स्थानों पर लोग एक उच्च किस्म के गुलाब के साथ निम्नतर किस्म का गुलाब का पौधा लगा देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का परागण अपने ही परागों से न हो जाए ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का वंष न चलता रहे। इस धारणा को यह रूपरेखा दी गई है ताकि परागण उच्चतर किस्म के गुलाबों से हो और निम्नतर किस्म के गुलाब का स्तर ऊँचा हो सके। यह सिद्धांत हमारे अपने जीवन में भी हमारा मार्गदर्षन कर सकता है। यह कहा गया है कि कोई इंसान अपनी संगति से जाना जाता है। अगर हम अमीर बनना चाहते हैं तो हमें धनवान लोगों की सोहबत करनी चाहिए। ऐसा करके हम उनके जैसे सोचने और उनके जैसे कार्य करने लगेंगे और हो सकता है, हम भी अमीर हो जाएँ। अगर हम धावक बनना चाहते हैं तो हमें धावकों के साथ समय बिताना चाहिए। इस प्रकार हम उनके जैसा जीवन बिताने को प्रेरित होंगे। हम पाएँगे कि हम अधिक कसरत करेंगे, अपने आपको बलिष्ठ करेंगे, आहार पर ध्यान देंगे और दौड़ने का अभ्यास करेंगे। अगर हम लेखक बनना चाहते हैं तो हमें लेखकों की संगति में रहना चाहिए और उस कला का अनुसरण करने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी प्रकार अगर हम आध्यात्मिक रूप् से विकसित होना चाहते हैं तो हमें ऐसे लोगों की संगति में रहना चाहिए जो स्वयं आध्यात्मिक रूप से विकसित हो चुके हैं। ऐसे लोगों के बीच में हम आत्मा-परमात्मा के सोच-विचार में अधिक समय व्यतीत करेंगे, आध्यात्मिक विषयों पर बातचीत करेंगे और आध्यात्मिक अभ्यासों में समय बिताएँगे। अगर हम किसी ऐसे के साथ समय व्यतीत करेंगे, जो ध्यान-अभ्यास करता हो, तो हो सकता है हम भी ध्यान-अभ्यास करने लगें। अगर हम उन लोगों की संगति में रहेंगे जो सदाचारी जीवन और सद्‌गुणों को महत्त्व देते हैं तो हम पाएँगे कि हम भी वैसा ही करने लगेंगे। हम अपनी संगति पर ध्यान दें। क्या हम ऐसे मित्र चुनते हैं जो कि हमारे व्यक्तिगत विकास के लिए हमें गलत विकल्पों की ओर ले जाते हैं या हम ऐसे दोस्त चुनते हैं जो हमें आध्यात्मिक जीवन जीने में मदद करते हैं? जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आगे के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूँढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है, जिसके द्वारा हम रूहानी तौर से जाग सकते हैं। ऐसी हस्ती के नजदीक आकर हमारा ध्यान जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों की ओर जाता है। वहाँ का वातावरण सीधे हमारी आत्मा से संपर्क करता है। जो कोई अपनी आत्मा को जान लेता है, उसकी ओर हमारी आत्मा खिंची जाती है। उसकी चुंबकीय शक्ति हमें ऊपर खींच लेती है और हमारा ध्यान अंतर में मौजूद रूहानी खजानों की ओर टिक जाता है। अगर हम अपने ध्यान-अभ्यास में सुधार चाहते हैं तो हम सोचें कि हम अपना समय कैसे बिताते हैं। अगर हम समय आध्यात्मिक रूप से जागृत और अध्यात्म में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के साथ बिताते हैं तो हम पाएँगे कि हमारा ध्यान अधिक एकाग्र रहेगा और हमारा ध्यान-अभ्यास अधिक फल देगा। अपनी संगति को समझदारी से चुनकर हमें आध्यात्मिक पथ पर तरक्की करने में मदद मिलेगी।

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

## मालन नदी पर 300 मीटर पैच पर ह्यूमपाइप से वैकल्पिक मार्ग बनाया, आवाजाही शुरू

कोटद्वार(उद संवाददाता)। पिछले माह 13 जुलाई को मोटाढाक में मालन पुल ढहने के बाद से भावर के औद्योगिक क्षेत्र समेत 35 गांवों के लिए आज से भारी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। भारी वाहनों के साथ ही इस मार्ग पर स्कूटी, बाइक, कार, स्कूल बसों, ट्रकों का संचालन भी होने लगा है । मालन नदी पर 300 मीटर पैच पर ह्यूमपाइप की मदद से वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। आपको बता दे विधानसभा अध्यक्ष/स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने वैकल्पिक मार्ग को युद्धस्तर पर बनाने के निर्देश दिए थे। साथ ही वें खुद मार्ग के बनने की प्रतिदिन की रिपोर्ट ले रही थी और वैकल्पिक मार्ग का स्थलीय निरक्षण भी कर रही थी। विधानसभा अध्यक्ष ने वैकल्पिक मार्ग को 21 दिनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा था जिसे समय अवधी पर पूर्ण कर दिया गया ।विधानसभा अध्यक्ष ने वैकल्पिक पुल के संचालन होने पर बताया की कोटद्वार वासियों को जल्द से जल्द राहत देने के लिए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर कराया गया, उन्होंने कोटद्वार वासियों से अपील भी की है की भारी वर्षा होने पर इस पुल का इस्तमाल ना किया जाए क्योंकि यह एक वैकल्पिक मार्ग है। वैकल्पिक मार्ग की सुरक्षा के दृष्टिगत 30 टन से अधिक भार वाले वाहनों को फिलहाल प्रतिबंधित किया गया है।



# उत्तराखण्ड पूरे भारत एवं विश्व की आध्यात्मिक चेतना का स्रोत

देहरादून/ऋषिकेश(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में संकल्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में संकल्प फाउंडेशन के देशभर से अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम सत्र का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने उत्तराखण्ड में लगभग 2 वर्षों के अपने अनुभवों को और यहां की विशिष्टता को साझा किया। उन्होंने भारत के गौरवमयी पलों, ऐतिहासिक क्षणों व सांस्कृतिक समागमों को तरोताजा करते हुए उत्तराखण्ड की आध्यात्मिकता एवं नैसर्गिकता, यहां के पर्यटन, तीर्थाटन और यहां की दिव्यता का जिक्र किया। राज्यपाल ने कहा कि तपभूमि, देवभूमि उत्तराखण्ड पूरे भारत एवं विश्व की आध्यात्मिक चेतना का एक स्रोत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड न सिर्फ भारत अपितु पूरे विश्व को ऊर्जा देने में



सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह स्थान आदिकाल से ही परम ज्ञान का स्रोत रहा है। यहां समय-समय पर अनेक महापुरूष, तपस्वी, समाज सुधारक आये हैं और इस पवित्र भूमि को और अधिक जीवंत बनाने में अपना योगदान दिया। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड में योग, आयुर्वेद, हेल्थ एण्ड वेलनेस, हॉर्टिकल्चर, हॉस्पिटैलिटी आदि की असीमित संभावनाओं का जिक्र करते हुए देश और दुनिया के लोगों को देवभूमि पधारने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न किए गए जी-20 सम्मेलनों के माध्यम से उत्तराखण्ड की एक अलग पहचान स्थापित हुई है। राज्यपाल ने कहा कि अमृतकाल के इस दौर में हमारे सम्मुख अनेक चुनौतियां भी हैं जिनका सामना कर हमें अपने पुराने वैभव को प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व गुरु और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जन को अपना पूर्ण योगदान देना होगा। राज्यपाल ने संकल्प फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में संकल्प संस्थान के पदाधिकारियों को सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अपनी आगामी योजनाओं के निर्माण हेतु चिंतन एवं मंथन के लिए उत्तराखण्ड और ऋषिकेश को चुना। उन्होंने कहा कि संकल्प संस्थान सिविल सेवकों को एक उचित मार्गदर्शन देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण हेतु तैयार कर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। लगभग 30 वर्षों से अधिक समय से संस्थान सिविल सेवकों को तैयार कर रहा है और यहां के आठ हजार से अधिक छात्रों ने सफलता अर्जित की है जो प्रशंसनीय है। इस अवसर पर राज्यपाल ने परमार्थ निकेतन में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिला स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व स्वच्छता किट भी प्रदान की। उन्होंने सभी महिलाओं के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर संकल्प संस्थान के संस्थापक संतोष तनेजा ने वर्चुअली जुड़कर संस्थान की गतिविधियों और भावी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने उपस्थित सभी लोगों का परमार्थ निकेतन में स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मेलन में संस्थान के महासचिव अनिल जोशी, अध्यक्ष जनकल्याण शिक्षा समिति डॉ. जी प्रसन्ना कुमार, डॉ. आर एम पराशर सहित संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# अवैध कालौनियों मे प्लाटों की बिक्री पर लगाई जायेगी रोक

## कमिश्नर के जन सुनवाई कार्यक्रम में उठे भूमि और ब्याज से जुड़े मुद्दे,अनेक समस्याओं का किया मौके पर समाधान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिवस मण्डलायुक्त दीपक रावत ने जन सुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों द्वारा मुख्यतया: भूमि विवाद, ब्याज पर धनराशि लेनदेन की शिकायतें दर्ज कराई गई । जिनका आयुक्त श्री रावत द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। आयुक्त ने कहा कि हल्द्वानी एवं रूद्रपुर शहर मे काफी कालौनियों में प्लाटों की बिक्री हो रही है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि इन कालौनियों में प्लाट खरीदने से पहले यह मालूम करना अनिवार्य है कि कालौनी वैध है या अवैध साथ ही मानचित्र के अनुसार कालौनी का ले-आउट में पार्किंग व्यवस्था, जल निकासी, सडक, बिजली तथा पेयजल की बेसिक आवश्यकता की पूर्ति कालोनाईजर द्वारा की जा रही है या नही। इन तथ्यों को सुनिश्चित कर प्लाट खरीदें।उन्होंने कहा अगर कालोनाइजर द्वारा मानक पूर्ण नहीं किये गये है तो इस प्रकार की अवैध कालौनियों मे प्लाटों की बिक्री पर रोक लगाई जायेगी। आयुक्त की जनसुनवाई में अधिकांश समस्यायें पैसे को ब्याज पर देने की आयी। आयुक्त ने कहा कि ब्याज पर धनराशि का लेनदेन करना कानूनी अपराध है। उन्होंने कहा जिन लोगों को स्वरोजगार व अन्य कार्यों हेतु धनराशि की आवश्यकता पडती है वे बैंकों से लोन ले सकते है या प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनायें आत्मनिर्भर स्वरोजगार योजना, गरीब कल्याण योजना, ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन व पीएम स्वनिधि योजनाओं के साथ ही अन्य योजनाओं से लोन ले सकते है। उन्होंने कहा इसके लिए महाप्रबन्धक उद्योग एवं समाज कल्याण मे आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा इन योजनाओ से लाभ लेने हेतु सरकार द्वारा समय-समय पर बहुउददेशीय शिविरों का आयोजन



किया जा रहा है। जनसुनवाई में वार्ड 17, हीरानगर निवासी मदनराम आर्य ने बताया कि ठुलीबाज तहसील कोश्याकुटौली में भूमि दर्ज है लेकिन गोपाल राम एवं ख्याली राम द्वारा अवैध तरीके से उपरोक्त भूमि कब्जा ली गई। जिस पर आयुक्त ने भूस्वामी, कब्जेदारों के साथ ही तहसीलदार को आगामी जनसुनवाई में तलब किया। बिमला देवी निवासी कोहली कालोनी हल्द्वानी ने बताया कि बिठोरिया में उनकी भूमि है। उक्त भूमि का दाखिलखारिज नहीं हुआ है जिस पर आयुक्त ने तहसीलदार को उक्त भूमि का दाखिल खारिज कराने के निर्देश मौके पर दिये। मुख्य अभियंता पावर ट्रासमिशन कारपोरेशन आफ उत्तराखण्ड ने बताया कि भारतीय रेल लाईन विद्युतीकरण परियोजना के अन्तर्गत 123 केवी पारेषण लाईन डबल सर्किट टावर पर सिंगल सर्किट 2 फेज का निर्माण 123 केवी उपसंस्थान किच्छा से रेलवे सब स्टेशन लालकुआं तक किया जाना है।उक्त परियोजना हेतु तराई केन्द्रीय वन प्रभाग टाण्डा वन ब्लाक की 10.61 हैक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है वन अधिनियम 1980 के अनुसार वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव हेतु प्रभावित 10.61 हैक्टेयर वन भूमि के सापेक्ष 21.234 हैक्टेयर राजस्व भूमि की आवश्यकता है। उन्होंने 21. 234 हैक्टेयर राजस्व भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिस आयुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में तेतरी देवी निवासी किच्छा उधमसिह नगर ने बताया कि अतिक्रमण कर उनकी भूमि कब्जा ली गई है। उन्होंने भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की। प्रेमा देवी लोहरियासाल मल्ला ने कहा कि उनकी भूमि में अवैध कब्जा कर भवन निर्माण किया गया है। उन्होंने अवैध भवन निर्माण ध्वस्त कराने की मांग रखी। जनसुनवाई में आयुक्त ने अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर किया। शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु आगामी जनसुनवाई के दोनों पक्षों को तलब किया। सुशीला तिवारी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा नर्सिंग प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपफंड ना मिलने की शिकायत की। जिस पर आयुक्त ने कहा कि शासन स्तर पर वार्ता एवं पत्र प्रेषित कर समाधान किया जायेगा।



# डीएसओ ने औचक निरीक्षण में व्यवसायिक प्रयोग करते 24 घरेलू सिलेंडर किए जब्त

## सिलेंडर की कालाबाजारी के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उपायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम में शामिल पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी तथा अनुसेवक मुन्ना लाल ने गत दिवस जिला मुख्यालय



के अनेक क्षेत्रों में औचक दबिश देकर नियमों के विरुद्ध व्यावसायिक प्रयोग होते 24 घरेलू सिलेंडरों को जब्त कर लिया। यह जानकारी देते उपायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि गैस की अवैध रिफिलिंग एंव इसके व्यवसायिक प्रयोग को रोकने हेतु रूद्रपुर क्षेत्र में विभागीय टीम के साथ अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डर 14.2 किग्रा. से छोटे सिलेण्डरों 5 किग्रा. में अवैध रिफलिंग किए जाने तथा घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक प्रयोग किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए संभावित स्थानों पर आकस्मिक छापे की कार्रवाई की गई। इस दौरान अनेक होटल, ढाबे, रेस्टारेन्ट, ठेली आदि से घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग होते हुए पाये जाने पर 14.2 किग्रा. के कुल चौबीस सिलेण्डर जब्त किये गये। जिनमें भारत के 18, इण्डेन के 3 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 3 सिलेण्डर शामिल हैं। सभी जब्त किए गए सिलेंडरों कोअग्रिम आदेशों तक सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स वोरा गैस इन्टरप्राइजेज, रामपुर रोड़ की सुपुर्दगी में दिया गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए समय समय पर अभियान चलाए जाते हैं। साथ ही बड़े घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे सिलेण्डरों में अवैध रूप से गैस की रिफिलिंग किए जाने से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। जिसे ध्यान में रखते हुए छापेमारी की गयी। पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि अभियान रुद्रपुर क्षेत्रांतर्गत किच्छा बाईपास में साई मंदिर से होते हुए रेशमवाडी, भदईपुरा, ट्राजिट कैम्प, कृष्णा कालोनी, रोडवेज, दरियानगर, आदि स्थानों पर छापेमारी की गयी। उन्होंने बताया कि यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।






# कार में शराब ढोते दो तस्कर दबोचे

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थल थाना पुलिस ने कर में अवैध शराब ले जाते दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थल थानाध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में अपर उनि बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार एवं सुरेश चन्द्र ग्राम पाँखू से कोटमन्या जाने वाले रास्ते पर चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक कार संख्या- यूके 05 टीए 2233 को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो कार में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई। जिन्होंने अपना नाम पता कृष्ण कुमार पुत्र पुष्कर लाल, निवासी ग्राम पामती पोस्ट कोटगाड़ी थाना थल जिला पिथौरागढ़ तथा महेश राम पुत्र मोहन राम निवासी ग्राम औड्यूड़ा पोस्ट पाँखू थाना थल जिला पिथौरागढ़ बताया। उनके पास से तीन जरीकनों में भरी कुल पंद्रह लीटर अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर वाहन सीज कर दिया और दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



# व्यापारियों को दी वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्य कर विभाग द्वारा बुलाई गई बैठक में प्रतिभाग किया गया। जिसमें ज्वाइंट कमिश्नर हेमा बिस्ट द्वारा व्यापारियों को बताया कि सरकार द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू की गई है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को लाभ: मिल सके। उन्होंने बताया कि स्कीम के तहत पूर्व के किसी भी बकाया को 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ जमा कर सकते है। साथ ही व्यापारी द्वारा बकाया के संबंध में अपील अथवा पुनरीक्षण दायर किया गया है उनके द्वारा भी अपील वापस लेकर इस स्कीम का लाभ लिया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने राज्य कर विभाग को कहा कि इस स्कीम को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित प्रसारित किया जाये ताकि हर व्यापारी इस स्कीम का लाभ उठा सके। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने सुझाव दिया कि इसे राज्य कर विभाग नुक्कड़ बैठकों के माध्यम से व्यापारियों को जागरूक करने के लिए प्रयास करें। जिला महामंत्री एवं टेंट एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे ने कहा कि जीएसटी धारक व्यापारी को सरकार की ओर से 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा लागू है और वर्तमान में इसे 10 लाख करने की घोषणा हुई है। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में बहुत से व्यापारियों को इसकी जानकारी नहीं है। जिसे राज्यकर विभाग को संज्ञान में लेना चाहिए।



# कांग्रेसियों ने मिठाई खिलाकर जतायी खुशी

किच्छा( उद संवाददाता) ।मोदी नाम पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद मचे घमासान मै कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को कोर्ट द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने पर उनकी संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने स्टे देते हुए राहुल गांधी की संसद सदस्यता को बहाल किए जाने को लेकर कांग्रेस मै जबरदस्त उत्साह बन गया है। राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने की सूचना पर किच्छा में कांग्रेसियों ने एक बैठक करते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया।इस दौरान दर्जनों कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी को बधाई दी और मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशीजताई। कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता को निरस्त कर दिया था लेकिन अब देश की सर्वोच्च अदालत ने आदेश पर स्टे जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार अब संसद का



सदस्य होने के साथ ही राहुल गांधी देश के किसी भी राज्य से चुनाव लड़ सकते हैं।कांग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने से कांग्रेसियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी कांग्रेसी एकजुट होकर पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने कहा कि आगामी नगर निकाय एवं लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस की बहुमत से जीत होगी और भाजपा को जनता करारा सबक सिखाएगी।कांग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने से कांग्रेसियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी कांग्रेसी एकजुट होकर पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी सरवर यार खान ने कहा की आने वाला समय मै लोक सभा चुनाव मै जानता सत्ता परिवर्तन करना चाहती है जिस वजह से सत्ता धारी दल कांग्रेस के नेताओं को फसाना चाहती है।पार्टी के पूर्व अध्यक्ष गांधी को इसी षडयंत्र के तहत फसाया जा रहा है।किंतु देश के सर्वोच्च न्यायालय ने सत्य का साथ दिया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अशोक मित्रा, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली, एन यू खान, लियाकत अली, नितिन,राजेश प्रताप, शर्मा, अशोक बाबा,अकरम, मो आरिफ, गौरव बेहड़, दलीप सिंह,गोल्डी, ओम प्रकाश दुआ,नासिर, आदि लोग उपस्थिति थे।

# श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज में सम्मान समारोह एवं बीएड विभाग का फ्रेशर कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज, प्रीत विहार, रूद्रपुर में सम्मान समारोह एवं बीएड विभाग का फ्रेशर्स कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया । महाविद्यालय के प्रबंधक श्री स0 मनजीत सिंह मक्कड जी ने मेघावी विद्यार्थ्[ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए अपना आर्शीवाद प्रदान किया । महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 भावना कपूर जी ने नये विद्याार्थियों के उज्जवल भविश्य की कामना देते हुए अपना आर्शीवाद प्रदान किया । बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 नीरज जायसवाल जी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा दिखाई । कार्यक्रम में बी0एड0 विभाग के सीनियर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण अनुभव को फ्रेशर के समक्ष साझा किया । फ्रेंशर कार्यक्रम में राहुल तिवारी मिस्टर फेशर तथा आरती मेहता मिस फ्रेशर रही । कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ0 विनीता पाण्डे जी द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन दिव्या एवं मीनाक्षी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के संयोजक श्री गौरव मिश्रा एवं श्री संजय कुमार रहे। इस कार्यक्रम में डॉ0 अखिलेश सिंह, डॉ0 रजनी छिम्वाल, डॉ0 परविन्दर कौर, डॉ0 नवनीत कौर, डॉ0 नाजिया बानो, डॉ0 रूपाली सक्सेना, श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, कु0 आंचल जुनेजा, श्री संदीप त्रिपाठी. श्री रविकुमार, श्रीमती एकता, श्री अखिलेश खरे, श्री परमजीत सिंह, श्रीमती सर्वजीत कौर, श्री राधेश्याम, श्री दुर्गेश कुमार, श्रीमती कल्पना, श्री राजकुमार, श्री परमानन्द एवं छात्राध्यापक-छात्रायापिकायें उपस्थित रहे ।

# बुजुर्ग ने पुलिस से मदद मांगकर बताई बहू के उत्पीड़न की दास्तां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जैसे-जैसे कलयुग आगे बढ़ रहा है वैसे ही अब अपने ही परिवार के बुजुर्गों को कई लोग बोझ समझने लगे हैं। घर में सेवा करने के बजाए ऐसे लोग उन्हें वृद्धा आश्रम में छोड़कर आ जाते हैं। एक बड़ी हैरान करने वाली खबर सामने आई है। जिसे जानकर सभी सोचने पर मजबूर हो जाएगें। नगर के निवासी 80 वर्षीय एक बुजुर्ग अपनी बहू की हरकतों से इतना परेशान हो गया कि उसने पुलिस को बहू द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न की विस्तार से दास्तां सुनाकर मदद मांगनी पड़ी। 80 साल के ससुर ने पुलिस को एक पत्र लिखा और छोटे बेटे व उसकी पत्नी से जान छुड़ाने की गुहार लगाई। बुजुर्ग की बातें सुनकर पुलिस भी आश्चर्य चकित रह गई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सामने आया मामला अमरावती कालोनी का है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को दी तहरीर में अमरावती कालोनी के बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि इसी साल फरवरी में उसके छोटे बेटे ने अपनी मर्जी से शादी की और बहू को घर लाया। लेकिन बहू ने उनका और उनकी बीमार पत्नी का जीना मुश्किल कर रखा है। बुजुर्ग व्यक्ति का कहना है कि बीती 23 अप्रैल को वह पत्नी के साथ मंदिर गए थे और घर में छोटी बहू थी। वह जब मंदिर से लौटे तो घर से लाखों के जेवर गायब थे। जब बहू से इस संदर्भ में जानकारी ली तो बहू ने उन्हीं पर चोरी का इल्जाम लगा दिया। उन्होंने कहा कि उनकी बहू उन्हें गालियां देती है। जिससे वह परेशान है। साथ ही उन्हें गला काट देने की धमकी देती है और कहती है तुम सबको फंसा दूंगी। उसने अपने जेठ पर भी हाथ उठाया। उसके खौफ से बेटी और नातिनों ने घर आना बंद कर दिया है। पीड़ित बुजुर्ग ने पत्र में आगे लिखा है कि उनका और उनकी बीमार पत्नी का गुजारा मकान से मिले किराए से होता है।लेकिन इन पैसों पर भी बहू ने अपना अधिकार जमाना शुरू कर दिया है। वो हमें खाना नहीं देती और जो खाने के लिए घर लाता हूं वो भी मुझसे और मेरी बीवी से छीन लेती है। बहू ने दो-तीन बार मेरी बीमार पत्नी पर हाथ भी उठाया। उन्होंने पुलिस से हाथ जोड़कर निवेदन किया है कि उनके बहू और बेटे पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने बताया कि मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बुजुर्ग दंपत्ति का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

# सिक्स सिग्मा में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निकए कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्रों का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का आयोजन संस्थान की निदेशिका एवं हार्टफूलनेस प्रशिक्षक महोदया डाण् सीमा अरोरा के निर्देशन में किया गया। पहला दिन हार्टफूलनेस प्रशिक्षक श्री अरविंद गंगवार ने शिथिलीकरण व ध्यान अभ्यास की विधि सिखाई । दूसरे दिन के सत्र में हार्टफुलनेस प्रशिक्षक श्रीमती रजनी गुलाटी ने निर्मलीकरण व ध्यान करवाया द्य तीसरे दिन का सत्र हार्टफूलनेस प्रशिक्षक श्री विपिन त्रिपाठी ने लिया उन्होंने बताया कि अपने जीवन में सकारात्मक सोच का बहुत महत्व हैए उन्होंने अपने आंतरिक स्रोत से जुड़ने के लिए प्रार्थना के महत्व पर प्रकाश डाला एवं प्रार्थना व ध्यान का अभ्यास कराया । मनोवैज्ञानिक श्री विवेक त्रिपाठी ने ध्यान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए कहा द्य इस कार्यशाला मे कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी प्राचार्य डॉ विजय सिंहए कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक श्री ललित सिंह बिष्टए हार्टफुलनेस को.ओर्डीनेटर नित्यानंद बिस्वास एवं जया वर्मा साथ ही साथ लगभग 35 शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे ।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विदेशी कंप्यूटरों के आयात पर प्रतिबंध

विदेशी कंप्यूटरों, लैपटाप आदि पर प्रतिबंध के पीछे सुरक्षा कारण बताए गए हैं। सरकार स्वदेशी तकनीक के विकास और व्यापार घाटा पाटने की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उसने विदेशी लैपटाप, टैबलेट और कंप्यूटरों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। माना जा रहा है कि इससे भारत में बनने वाले इन उपकरणों की बिक्री बढ़ जाएगी। इनके आयात पर प्रतिबंध संबंधी इस घोषणा के बाद कुछ स्वदेशी कंपनियों के शेयरों में उछाल भी देखा गया। हालांकि यह सरकार का अचानक लिया या कोई बिल्कुल नया फैसला नहीं है। इससे पहले सैकड़ों ऐसी विदेशी वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, उनमें रक्षा उपकरणों से संबंधित कई चीजें भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, लैपटाप, टैबलेट आदि उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस को जरूरी किए जाने के बाद कंपनियों को आवेदन के लिए अधिक वक्त दिया जा सकता है। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि पहले से पारगमन में मौजूद खेप को मंगाने में कंपनियों को किसी तरह की असुविधा न हो। दरअसल, इस भूमंडलीकरण के जमाने में जब सारी दुनिया एक बाजार में तब्दील हो गई है, लोगों को यह आजादी मिली है कि वे अपनी पसंद से अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तुएं कहीं से भी खरीद सकते हैं। इस तरह विदेशी वस्तुओं का चुनाव लोगों की आदत में शामिल हो गया है। इसका असर देश में बनने वाली वस्तुओं पर पड़ता है। स्वाभाविक ही, घरेलू बाजार में जगह न मिल पाने के कारण स्वदेशी कंपनियां अपने उत्पाद की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार करने में सक्षम नहीं हो पातीं। ऐसे में लोगों की आदतें सुधारने की दृष्टि से भी ऐसे प्रतिबंध कई बार जरूरी होते हैं। विदेशी कंप्यूटरों, लैपटाप आदि पर प्रतिबंध के पीछे सुरक्षा कारण बताए गए हैं। इनमें एचएसएन कोड 8471 वाले सात श्रेणी के कंप्यूटरों, लैपटाप और टैबलेट पर ही प्रतिबंध लगाया गया है। एचएसएन यानी 'हार्मोनाइज्ड सिस्टम आफ नामेनक्लेचर' कोड एक वर्गीकरण प्रणाली है, जिसका उपयोग कराधान उद्देश्यों के लिए उत्पादों की पहचान करने के लिए किया जाता है। इस कोड का उपयोग उन उपकरणों की पहचान करने के लिए किया जाता है जो डेटा प्रोसेसिंग कार्य करने के लिए तैयार किए गए हैं। इस तरह लोगों के निजी डेटा को सुरक्षित रखने के मकसद से यह कदम उठाया गया है। इन दिनों जिस तरह लोगों के निजी आंकड़ों की चोरी और उन्हें दूसरे देशों की कंपनियों को बेचने की प्रवृत्ति बढ़ी है, उसमें दूसरे देशों में तैयार ऐसी प्रणाली पर नजर रखना कठिन काम साबित होता है। फिर चीन जैसे कुछ देश जासूसी के नए-नए तरीके ईजाद करते देखे जाते हैं, उसमें भी ऐसी प्रणाली खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिए नए फैसले में कोरिया और चीन से आयात होने वाले ऐसे उपकरणों की खेप में कटौती की गई है। अब वही कंपनियां इन उपकरणों का कारोबार कर सकती हैं, जो भारत में ही इनका उत्पादन या संकलन करती हैं। हालांकि कुछ लोगों को लगता है कि इस फैसले से विश्व व्यापार नियमों का उल्लंघन होगा और सरकार यह इसलिए कर रही है कि उसका मकसद अपनी चहेती कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाना है। मगर सरकारें अपने सुरक्षा कारणों से ऐसे फैसले ले सकती हैं। फिर लोगों को बाहर से ऐसी मशीनें मंगाने पर प्रतिबंध नहीं होगा, इसके लिए उन्हें आयात शुल्क भुगतान करना पड़ेगा। दरअसल, निर्यात के मामले में भारत अपने लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है और आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, जिससे व्यापार घाटा चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। इस तरह आयात पर प्रतिबंध लगा कर सरकार बेशक व्यापार घाटा कुछ पाट सकती है, मगर बिना निर्यात बढ़ाए अर्थव्यवस्था को गति देना एक चुनौती बनी ही रहेगी।

# गोट वेली योजना का सही हो क्रियान्वनय : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। पशुपालन विभाग की बकरी पालन व्यवसाय से संबंधित गोट वैली योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय गोट वैली क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गोट वैली योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में गोट वैली योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जाय। योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को पशु पालन विभाग द्वारा तकनीकी सहयोग दिया जाय तथा नियमित स्थलीय निरीक्षण किया जाय। आरसेटी व उद्योग विभाग से समन्वय बनाकर बकरी पालकों को बकरी पालन व्यवसाय का उचित प्रशिक्षण दिया जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि लाभार्थी द्वारा लोन की धनराशि से नई बकरियों को



खरीदा जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि गोट वैली योजना का मनरेगा व रीप परियोजना से कन्वर्जन कर गोट बेली योजना के लाभार्थियों को अन्य सहयोगात्मक लाभ भी प्रदान किया जाय। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश भारद्वाज ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से गोट वैली योजना की जानकारी देते हुए बताया कि गोट वैली योजना का उदेश्य एक क्षेत्र विशेष में लोगों को बकरी पालन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष जनपद में गोट वैली योजना अंतर्गत चार विकास खंड बिण, मुनाकोट, कनालीछीना तथा धारचूला को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र में क्लस्टर आधारित गांव में 25 लाभार्थियों का चयन विकास खंड स्तर से करने की प्रक्रिया गतिमान है। कुल एक सौ लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा।चयनित लाभार्थियों का प्राथमिक सहकारी समिति तथा उत्तराखंड भेड़ एवम ऊन विकास बोर्ड में पंजीकरण अनिवार्य होगा। चयनित लाभार्थियों को एनसीडीसी के माध्यम से बकरियां क्रय करने हेतु रुपये 30 हजार प्रति लाभार्थी ऋण प्रदान किया जाएगा। इन बकरियों का बीमा पशु पालन विभाग द्वारा पशुधन बीमा योजना अंतर्गत किया जाएगा। इन बकरी पालकों को समय समय पर विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। तत्पश्चात इन बकरी पालकों को रुपये 63 हजार प्रति लाभार्थी अनुदान भी बकरियां क्रय करने के लिए पशु पालन विभाग द्वारा दिया जाएगा। बैठक में सीडीओ वरुण चौधरी, डीडीओ रमा गोस्वामी, सहायक निबंधक सहकारिता सीएस पाँगती, जिला परियोजना प्रबंधक, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा विकास खंड बिण, मुनाकोट, धारचूला व कनालीछीना के पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

# युवा संवाद और मासिक धर्म पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।नेहरू युवा केन्द्र और सोच संस्था द्वारा भारत सरकार द्वारा आयोजित युवा संवाद (भारत के पंच प्रण) और मासिक धर्म विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा और विशिष्ट अतिथि महिला पॉलिटेक्निक की प्रधानाचार्य रेखा असवाल ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रणों को लेकर ही देश आगे बढ़ सकता है। उन्होंने पंच प्रण के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने आगे कहा की सोच संस्था के कार्यों से प्रेरणा लेते हुए सभी को महिला उत्थान और महिला सशक्तिकरण को लेकर सोच संस्था का साथ देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सैनिटरी पैड वेंडिग मशीन और डिस्पोजेबल मशीन जीजीआईसी अल्मोड़ा में लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महिला पॉलिटेक्निक की प्रधानाचार्य रेखा असवाल ने सोच संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और अपने जीवन से जुड़ी घटनाओ का जिक्र करते हुए छात्र




छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने सोच संस्था की मुहिम में सभी से सामूहिक सहभागिता की भी अपील की। सोच संस्था की ओर से हिमांशी एवं प्रियंका द्वारा छात्राओं को माहवारी चक्र के दौरान होने वाली अनियमित बीमारियों पीसीओडी पीसीओएस से अवगत करवाया गया। साथ ही इस दौरान माहवारी के दौरान पैड बदलने की अवधि, उचित देखरेख एवं खानपान सम्बंधित जानकारी भी मुहैया करवाई गयी। इसके साथ ही हिमांशी ने महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर को लेकर भी जानकारी दी। संस्था की ओर से दीपिका पुनेठा ने पीरियड्स के दौरान दर्द से आराम देने वाले योग अलग अलग आसनों और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में सोच संस्था द्वारा छात्राओं को निशुल्क रूप से सेनिटरी पैड्स भी वितरित किये गए। इस कार्यक्रम में सोच संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल जोशी ने कहा कि माहवारी को लेकर शर्म टूटने एवं खुली विचार विमर्श को लेकर उनकी संस्था संकल्पबद्ध है। उन्होंने इस दौरान आगे की परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि आगामी महीनों में उनके कार्यक्रम विभिन्न जनपदों (पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर) में प्रस्तावित हैं। संस्था के अध्यक्ष आशीष पंत ने महावारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को लेकर महिलाओं को संबोधित किया और उन्होंने अपने जीवन से जुड़ी मासिक धर्म की घटनाओं को भी महिलाओं के साथ साझा किया। कार्यक्रम में सोच संस्था की ओर से आशीष पंत, राहुल जोशी, मयंक पंत, जितेंद्र बिष्ट, हिमांशी भंडारी, दीपिका पुनेठा, प्रियंका सलाल, कल्पना मिश्रा, दीपाली भट्ट, हर्ष काफर, जीजीआईसी की सभी शिक्षिकाए और सभी छात्र छात्राएं मौजूद रही। इस कार्यक्रम का संचालन मयंक पंत ने किया।


# जातीय जनगणना को मिली हरी झंडी

पटना उच्च न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथि के भीतर बिहार में जातीय जनगणना को लेकर उठ रहे सवालों पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिन याचिकाकर्ताओं और बिहार सरकार की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी। यह गिनती एक सर्वे की तरह होगी। हालांकि याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस निर्णय से वे नाखुश हैं और सर्वोच्च न्यायालय जाएंगे। न्यायालय का आदेश होते ही बिहार सरकार ने फिर से जाति जनगणना शुरू कराने का आदेश जारी कर दिया। केंद्र सरकार द्वारा जातीय जन-गणना करने से मना करने के बावजूद नीतिश कुमार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना शुरू कर दी थी। अब अदालत की अनुमति के बाद तो इसे आगे बढ़ना ही है। इससे क्या सामाजिक लक्ष्य हासिल होंगे, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन जाति आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ जाति आधारित आरक्षण की मांग जरूर पुरजोरी से उठने लग जाएगी। अन्य राज्य भी इसके परिणाम देखकर आरक्षण की मांग करने लगेंगे। इस गिनती में एक अच्छी बात है कि इसमें सभी जाति समूह के लोगों की आर्थिक स्थिति का भी सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वे के बाद यह तय होगा कि बिहार समेत देश में वर्गों में बंटे समाज का भविष्य क्या होगा ? पहले चरण में बिहार के घरों को सूचीबद्ध किया जाएगा। दूसरा चरण में 26 तरह की सूचनाएं दर्ज की जाएंगी। यह एक तरह से बिहार में भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक आधारों की सच्चाई लाने वाला पहला आंकलन होगा। जाति आधारित ये जो आंकड़े आएंगे, बिहार के सामाजिक भविष्य की विकास योजनाएं इसी आधार पर लागू की जाएंगी। यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद कर सकते हैं। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, जनता दल, जदयू और असदुद्दीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम तो संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी ? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंघ लगा रही है। नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतिश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्श के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागार किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने ? इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्ष से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले ? लेकिन यदि हमारे नीति- नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय विमर्ष कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्ष पर अमल करें। दरअसल जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है ? हालांकि भारत में 1931 की जनगणना जाति के आधार पर हुई थी। इसी आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आंकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्षत: कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्य-प्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्य-प्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्याबल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी। बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था इतनी पुख्ता है कि इसकी तह में जाना मुश्किल है। मुस्लिम समाज में भी जाति प्रथा पर पर्दा डला हुआ है। अभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बनाए रखना चाहता है, जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परन्तु इनकी गिनती का भी पहचान का आधार धर्म और लिंग है। शायद इसीलिए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'जाति ब्राह्मणवादी व्यवस्था का कुछ ऐसा दुष्चक्र है कि हर जाति को अपनी जाति से छोटी जाति मिल जाती है। यह ब्राह्मणवाद नहीं है, बल्कि पूरी की पूरी एक साइकिल है। अगर यह जातिचक्र एक सीधी रेखा में होता तो इसे तोड़ा जा सकता था। यह वर्तुलाकार है। इसका कोई अंत नहीं है।' अर्थात इससे मुक्ति का कोई उपाय नहीं है। वैसे भी धर्म के बीज-संस्कार जिस तरह से हमारे बाल अवचेतन में, जन्मजात संस्कारों के रूप में बो दिए जाते हैं, कमोबेश उसी स्थिति में जातीय संस्कार भी नादान उम्र में उड़ेल दिए जाते हैं। इस तथ्य को एकाएक नहीं नकारा जा सकता कि जाति एक चक्र है। यदि जाति चक्र न होती तो अब तक टूट गई होती। जाति पर जबरदस्त कुठाराघात महाभारत काल के भौतिकवादी ऋषि चार्वाक ने किया था। उनका दर्शन था, 'इस अनंत संसार में कामदेव अलंघ्य हैं। कुल में जब कामिनी ही मूल है तो जाति की परिकल्पना किसलिए ? इसीलिए संकीर्ण योनि होने से भी जातियां दुष्ट, दूषित या दोषग्रस्त ही हैं, इस कारण जाति एवं धर्म को छोड़कर स्वेच्छाचार का आचरण करें।' गौतम बुद्ध ने भी जो राजसत्ता भगवान के नाम से चलाई जाती थी, उसे धर्म से पृथक किया। बुद्ध धर्म, जाति और वर्णाश्रित राज व्यवस्था को तोड़कर समग्र भारतीय नागरिक समाज के लिए समान आचार संहिता प्रयोग में लाए। चाणक्य ने जन्म और जातिगत श्रेष्ठता को तिलांजलि देते हुए व्यक्तिगत योग्यता को मान्यता दी। गुरूनानक देव ने जातीय अवधारणा को अमान्य करते हुए राजसत्ता में धर्म के उपयोग को मानवाधिकारों का हनन माना। संत कबीरदास ने जातिवाद को ठेंगा दिखाते हुए कहा भी, जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजियो ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहने दो म्यान। महात्मा गांधी के जाति प्रथा तोड़ने के प्रयास तो इतने अतुलनीय थे कि उन्होंने 'अछूतोद्धार' जैसे आंदोलन चलाकर भंगी का काम दिनचर्या में शामिल कर, उसे आचरण में आत्मसात किया। भगवान महावीर, संत रैदास, राजा राममोहन राय, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, ज्योतिबा फुले, आम्बेडकर ने जाति तोड़क अनेक प्रयत्न किए, लेकिन जाति है कि मजबूत होती चली गई। मसलन इतने सार्थक प्रयासों के बाद भी क्या जाति टूट पाई ? नहीं, क्योंकि कुलीन हिन्दू मानसिकता, जातितोड़क कोशिशों के समानांतर अवचेतन में पैठ जमाए बैठे मूल से अपनी जातीय अस्मिता और उसके भेद को लेकर लगातार संघर्ष करती रही है। इसी मूल की प्रतिच्छाया हम पिछड़ों और दलितों में देख सकते हैं। मुख्यधारा में आने के बाद न पिछड़ा, पिछड़ा रह जाता है और न दलित, दलित। वह उन्हीं ब्राह्मणवादी हथकंडों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने लगता है, जो ब्राह्मणवादी व्यवस्था के हजारों साल हथकंडे रहे हैं। नतीजतन जातीय संगठन और दल भी अस्तित्व में आ गए। अतएव बिहार में जातिगत आंकड़े आने के बाद यदि उन्हें आरक्षण और लाभदायी योजनाओं का आधार बनाया जाता है तो जातिगत खाई और चौड़ी होगी। जो समाज, राज्य और देश तक को बड़ी हानि पहुंचा सकती है।

**- प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# धनगड़ी नाले में यात्रियों से भरी बस पलटने से फंसे यात्री

रामनगर(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा के विनायक से रामनगर आ रही केएमओयू की बस संख्या यूके-04पीए-0548 शनिवार शाम साढ़े पांच बजे धनगढ़ी नाले पर पहुंची, बस में 15 सवारियां थी। नाले में जलस्तर कम था और बसें आसानी से निकल रही थी। नेशनल हाइवे पर धनगड़ी नाला उफान पर आने से यात्रियों से भरी बस रास्ता पार करते समय पलट गई जिससे वहां चीख पुकार मच गयी। बस में 35 लोग



सवार थे, किसी भी तरह के जान माल का कोई सूचना नहीं है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बस पहाड़ से रामनगर आ रही थी। ड्राइवर ने लापरवाही दिखाते हुए बस बरसाती नाले को पार करने के लिए उतार दी जो पानी के तेज बहाव को झेल नहीं पाई और पलट गई। बस में कुल 35 लोग सवार थे। जिनको जेसीबी की मदद द्वारा बस से बाहर निकाल लिया गया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

# गौरीकुंड में 40 दुकानों को प्रशासन ने किया ध्वस्त

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड में हाईवे किनारे बनाई गई अस्थाई 40 दुकानों को प्रशासन ने खाली करने के साथ ध्वस्त कर दिया है। गौरीकुंड से सोनप्रयाग तक कुल 150 दुकानें चिन्हित की गई हैं। उखीमठ के उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने यह जानकारी दी।रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड में भूस्खलन में लापता हुए 17 लोगों की खोजबीन के लिए रेस्क्यू जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित अन्य संस्थाओं के जवान खोजबीन में जुटे हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया



कि सुबह से क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही है।रुद्रप्रयाग में मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गौरीकुंड दौरा रद्द हो गया है। दुर्भाग्य से रुद्रप्रयाग देश के 10 सबसे अधिक भूस्खलन खतरे वाले जिलों में से पहले नंबर पर है। इसकी तस्दीक पिछले तीन-चार दशकों के दौरान जिले में भूस्खलन की वे बड़ी घटनाएं हैं, जिनमें हजारों लोग मारे गए या लापता हो गए। 2013 में केदारनाथ में हुए भूस्खलन और बाढ़ में 4500 लोग मौत के आगोश में सो गए थे या नामो-निशान मिट गया।

# भारतीय ग्राहक पंचायत की कार्यकारणी का हुआ विस्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गंगापुर रॉड विजडम स्कूल में आज अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला एवम नगर कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में नगर कार्यकारणी का विस्तार किया गया जिसके तहत मधुर दीप सिंघल को नगर संगठन मंत्री ( सचिव ), आशा रानी मुंजाल को जिला महिला जागरण प्रमुख , सुभाषनी द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष ,संजय सिंह जिला उपाध्यक्ष, राकेश



मुंजाल तथा के के मिश्रा को केंद्रीय समिति की अनुशंसा पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह द्वारा जिला कार्यकारणी सदस्य घोषित करते हुये दायित्व ग्रहण कराया गया। बैठक में संगठन के सभी क्षेत्रों में कार्य को गति देते हुए स्वर्ण जयंती वर्ष में अधिकतम सदस्य संख्या का लक्ष्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किए जाने और ग्राहक हितों के संरक्षण हेतु जनजागरण अभियान चलाने पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री डॉक्टर हेमंत चौहान ,जिला अध्यक्ष के के शर्मा,मनीष शर्मा,ओमकार सिंह, आनंद रावत,शुभम मिश्रा आदित्य कुमार ,हरिओम शुक्ला, अनिल ,अजीत विवेक सरल आदि उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित मांस के साथ दो युवक गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस ने 206 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ दो लोगों को बाइक सहित पकड़ा है जबकि पांच आरोपी फरार हो गए। मौके पर तराजू, कुल्हाड़ी, छह चाकू बरामद किया। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।शनिवार सुबह दोराहा पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र राजपूत ने टीम के साथ बाजपुर गांव के गड्ढा कॉलोनी निवासी आसिफ के घर पर छापा मारा। दो बाइक के साथ दो लोगों को पकड़ लिया जबकि मौके से पांच आरोपी फरार हो गए। बाइक पर लदे



प्लास्टिक के कट्टे से प्रतिबंधित पशु की खाल सहित अन्य कई अवशेष मिले। आरोपियों की निशानदेही पर 206 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पशु चिकित्सक ने मांस के नमूने भरे। कोतवाल प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि बाजपुर गांव निवासी भोला, आसिफ, इरफान, शादाब, शबीना, महसर, नगमा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच एसआई प्रकाश चंद को सौंपी गई है। बाजपुर। तहसीलदार अक्षय भट्ट ने बताया कि शिकायत के आधार पर राजस्व, पशु विभाग और पालिका की संयुक्त टीम ने मौका मुआयना किया। तहसीलदार ने बताया कि एक अगस्त को मोहल्ला केशवनगर वासियों ने एक समुदाय के लोगों पर गंदे नाले में प्रतिबंधित मांस के अवशेष को फेंकने का आरोप लगाया था। इसी शिकायत पर संयुक्त टीम ने शनिवार को जांच की है।

# सीएम ने चार विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को दी वित्तीय मंजूरी

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए धन दिया है। चार विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न कार्यों के लिए 3.42 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति देने के साथ ही 2.58 करोड़ की राशि जारी भी की। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री घोषणाओं को क्रियान्वित कर रही है। इस क्रम में विधानसभा क्षेत्र खटीमा में सैनिक मिलन केंद्र की स्थापना को एक करोड़ 62 लाख 26 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई। इसमें से प्रथम किस्त के रूप में 97.35 लाख रुपये जारी किए गए।चमोली जिले के विधानसभा क्षेत्र बदरीनाथ में पुलना-1 में पार्किंग के निर्माण को 1.12 करोड़ में से अवशेष राशि 66.51लाख रुपये स्वीकृत किए गए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के ग्राम पंचायत सूरौण के छुर्मल में मेला स्थान के सौंदर्यीकरण एवं धर्मशाला के निर्माण को 63 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी। इसमें से प्रथम किस्त के रूप में 37.80 लाख दिए गए। विधानसभा क्षेत्र चंपावत में घटकु-हिडिम्बा मंदिर को कुमाऊंनी शैली में निर्माण कराने को 94.40 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिली। इसमें से पहली किस्त के रूप में 56.64 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। चंपावत जिले के विकासखंड बाराकोट के ग्राम पंचायत खोला सुनार में टाइल्स निर्माण कार्य को 23.07 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक दी गई है। बेरीनाग को नगर पालिका बनाने को हरी झंडी मुख्यमंत्री धामी ने पिथौरागढ़ जिले की नगर पंचायत बेरीनाग को नगर पालिका परिषद बेरीनाग बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। साथ ही शासन को नैनीताल जिले में नगर निगम हल्द्वानी के वार्डों के परिसीमन के संबंध में दिशा निर्देश दिये है।

# राजकमल की तलाश में जुटी पुलिस

रुद्रपुर(उद संवाददाता) ट्रांजिट कैंप के शिवनगर में दंपती की हत्या कर फरार हुए जगदीश उर्फ राजकमल का पुलिस को 60 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस की टीम उसके परिचित, रिश्तेदारों के घरों पर दबिश देकर जानकारी ले रही है, साथ ही उसके पूर्व के कार्यक्षेत्र में भी पुलिस टीम भेजी गई हैं। एसएसपी ने आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। आरोपी राजकमल ने पूरी योजना के साथ हत्याकांड को अंजाम दिया था। उसने घटना से चार दिन पहले मोबाइल बंद किया था और मोबाइल तबसे बंद ही आ रहा है। पुलिस अब तक डेढ़ सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है। बताया जा रहा है कि कुछ जगह पर आरोपी कैद हुआ है। इधर पुलिस इस मामले में यूपी पुलिस से मदद ले रही है। बुधवार आधी रात शिवनगर में घर में घुसकर राजकमल ने गृहस्वामी संजय और सोनाली की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरोपी ने बीचबचाव में आई संजय की सास गौरी पर भी हमला कर घायल कर दिया था और फरार हो गया था। एसएसपी ने तत्काल छह टीम गठित कर हत्यारे की गिरफ्तारी में लगा दिया था। पुलिस की एक टीम ने आरोपी के घर ग्राम अनवा पुआयां जिला शाहजहांपुर जाकर उसके भाई -भाभी से पूछताछ की, साथ ही इसी जिले में रहने वाली बहन के घर भी पुलिस टीम पहुंची थी लेकिन दोनों ही जगह आरोपी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस की एक टीम शाहजहांपुर जिले में रहने वाले आरोपी के मामा सहित अन्य रिश्तेदारों के घरों पर भी दबिश दे रही है। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में रहकर काम कर चुका है। लिहाजा एक टीम वहां के लिए भी निकल गई है। इसके अलावा पुलिस टीम सर्विलांस और मैनुअल से आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस टीम आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## पेज एक का शेष...

**508 रेलवे स्टेशनों में..........**के तहत होगा। इससे पहले शनिवार को प्रधानमंत्री ने इस कदम की सराहना की और कहा कि यह परियोजना ईज ऑफ लिविंगश को बढ़ावा देगी और आराम के साथ-साथ सुविधा भी बढ़ाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि लगभग 25,000 करोड़ रुपये की लागत से किया जाने वाला पुनर्विकास देश में रेल बुनियादी ढांचे की कल्पना में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22 स्टेशन शामिल हैं।इसके अलावा, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 और अन्य कई राज्यों के कई स्टेशन शामिल हैं। पुनर्विकास यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए अच्छी तरह से डिजाइन किए गए यातायात परिसंचरण, अंतर-मोडल एकीकरण और अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज को सुनिश्चित करने के साथ-साथ आधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान करेगा। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

**रेलवे स्टेशनों का ......**स्टेशन योजना से रेलवे में नए युग की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2014 के बाद से पीएम मोदी की सरकार में रेलवे का रिकॉर्ड कायाकल्प हुआ है। कहा कि पूर्व की सरकारों की मंशा रेलवे के विकास को लेकर नहीं थी।कार्यक्रम में राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, डोईवाला विधायक ब्रजभूषण गैरोला, राजपुर रोड विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर, मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद मंडल राजकुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसमें मुरादाबाद मंडल के 12 स्टेशन शामिल है। इसमें देहरादून का हर्रावाला व हरिद्वार का रुड़की रेलवे स्टेशन शामिल है।

**यूक्रेन भेजकर नौकरी .............**कर दिया है। फहीम की बात पर विश्वास कर शिकायतकर्ता ने उसे अलग-अलग बार में 5,20,000 रुपयों की रकम दी। एयरपोर्ट पर सेटिंग के नाम पर उसने 50 हजार अलग दिए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब वह यूक्रेन पहुंचा तो दिल के हिसाब से उसका लाइसेंस फहीम ने नहीं भेजा फल स्वरुप उसे टैक्सी चलाने के लिए नहीं मिली। यूक्रेन में रहने वाले फहीम के भाई से जब उसने इस बात की शिकायत की तो उसके भाई ने उसे मौत के घाट उतारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि लगभग एक माह तक पैसे के अभाव में हुआ है ब्रेड बिस्किट खाकर जीवन निर्वाह करता रहा। अंत में किसी तरह हुआ यूक्रेन से इंडिया लौटा। बताया जा रहा है कि बेहद शातिर अंदाज में कबूतर बाजी का खेल खेलने वाले फहीम नामक व्यक्ति का काशीपुर के स्पेक्ट्रम मॉल में ऑफिस है। स्वदेश लौटने के बाद जब शिकायतकर्ता ने नई दिल्ली में पुलिस मुख्यालय पहुंचकर फहीम के कार्यालय के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि विदेश भेजने के नाम पर उसका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। फहीम कबूतर बाजी के खेल में अब तक 5 दर्जन लोगों के ढाई करोड़ से भी अधिक की रकम हड़प कर चुका है। पूर्व में भी वह कई बार कानून की जंगल में फंसा लेकिन पैसों की दम पर हर बार वह बच जाता है। हराम की कमाई से कई नई लग्जरी गाड़ियां खरीदी है।

**मकान गिरने से दो............**भारी बारिश के कारण प्रवीण दास के मकान के पीछे की दीवार टूट गई। बच्चों के माता- पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। तेज बारिश के कारण मकान के घर की दीवार जमीन पर आ गिरी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।सूचना पाकर राजस्व उप निरीक्षक ल्वारखा मौके पर पहुंचे। इस दौरान मलबे में दबे दोनों बच्चों को निकला। आनन-फानन में दोनों बच्चों को पीएचसी सत्यो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।हालांकि प्रवीण दास के पिता प्रेमदास (60) के पांव में हल्की चोटें आई है। मृतक बच्चों की पहचान स्नेहा (12) पुत्री प्रवीण दास और रणवीर (10) के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।घटना की सूचना मिलने के बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित मौके पर पहुंचे। मयूर दीक्षित ने बताया की देर रात बारिश के कारण गधेरे में भारी मात्रा में पानी बढ़ गया था। भारी मात्रा में मलबा के कारण मकान की दीवार ढह गई। डीएम ने बताया कि इस तरह की घटना आगे ना घटे इसके लिए संबंधित विभाग को निर्देशित कर दिया है। इसके साथ ही खतरे की जद में आने वाले सभी परिवारों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं।

**किराना की दुकान में...........**अभियान चलाया। पुलिस ने नगर में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले । थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस टीम के साथ सिसाईखेड़ा चीकाघाट पुरानी पुलिया पर चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस के वाहन को देखकर वह मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। संदेह होने पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव और पुलिस टीम ने पीछाकर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम पता सितारगंज गौरीखेड़ा निवासी जावेद पुत्र कमालुद्दीन, बाईपास कॉलोनी सुभाष नगर निवासी नारायण साना पुत्र सुभाष साना, वार्ड नंबर 15 बाईपास कॉलोनी निवासी मौहम्मद हारुन पुत्र अब्दुल बताया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने किराने की दुकान पर चोरी की बात कबूली। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सरसों के तेल के दो पीपे राइस मिल के पास सेमल के पेड़ के नीचे झाड़ियों में बरामद किए। पुलिस ने उनके पास से कागजात व 500 रूपये की नगदी भी बरामद की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक संख्या यूके 06 क्यूं 0849 को भी सीज कर दिया। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि अपराध करने वाले किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, उप निरीक्षक चंदन सिंह, नवनीत कुमार, प्रवीण गोस्वामी, आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

**दस बाईकों सहित तीन.......**बाईक चोरों तक पहुंचने में जबरदस्त एक्सरसाइज की और कुशल पतासरी सुरागरसी के आधार पर मुखबीर के सहारे वाहन चोरों को कल दिनांक 5 अगस्त को नन्दु गोपाल वैद्य पुत्र रवि वैद्य निवासी नेतानगर दिनेशपुर थाना दिनेशपुर जिला ऊधमसिंहनगर उम्र 27 वर्ष,विकास बैरागी पुत्र सुभाष बेरागी निवासी नेतानगर दिनेशपुर थाना दिनेशपुर जिला ऊधमसिंहनगर उम्र 18 वर्ष,परमानन्द सरकार पुत्र महानन्द सरकार निवासी चन्दननगर दिनेशपुर थाना दिनेशपुर जिला ऊधमसिंहनगर उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की 2 मोटरसाईकिल और चोरी में चोरी में प्रयुक्त होने वाली 1 मोटर साईकिल भी बरामद की। पुलिस की सख्ती पर उक्त लोगों ने चोरी की गई 7 बाईकों को ओर बरामद कराया गया। अभियुक्तगणो द्वारा कुछ मोटर साईकिलो की नम्बर प्लेट तक बदल रखी थी। पुलिस ने उनके पास से कुल 10 मोटर साईकिल बरामद की गई है जिसमें 7 मोटर साईकिल स्पेलेण्डर प्लस,1 मोटर साईकिल अपाची,1मोटर साईकिल स्टार सीटी ,1मोटर साईकिल प्लेटीना है। बाईक चोरी की घटनाओं के खुलासे वाली टीम में मुख्य रूप से रूद्रपुर कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह राठौड, निरीक्षक अर्जुन गिरी, निरीक्षक महेश काण्डपाल,कांस्टेबल विजेन्द्र शर्मा ,अमित जोशी, विशाल रावत ,हेम चन्द्र फुलारा आदि शामिल थे।

**एक्शन में एसएसपी..........**कैम्प, कोतवाली सितारगंज के दीपक कुमार को वाचक शाखा वपुअ, दीवानराम सैलाल को मालखाना मो. कोतवाली सितारगंज, कमल किशोर चतुर्वेदी को हेमो. कोतवाली सितारगंज, कोतवाली जसपुर के गोबिंद प्रसाद को थाना बाजपुर, कोतवाली खटीमा के शेखर बनकोटी को थाना नानकमत्ता, थाना पंनगर के बलरामसिंह को थाना दिनेशपुर, भुवनेश्वर सिंह को हेमो. थाना पंतनगर, सुभाष सिंह यादव थाना दिनेशपुर, कुंदनराम वर्मा मालखाना मो. थाना पंतनगर, थाना केलाखेड़ा के चमन सिंह को थाना जसपुर, प्रेमपुरी को थाना थाना पंतनगर, मनोज कुमार को मालखाना मो. थाना केला खेड़ा, चन्द्रशेखर को सिडकुल चौकी, थाना नानकमत्ता के यतेन्द्र सिंह रावत को थाना आईटीआई, बृजमोहन जुयाल को थाना आईटीआई, रमेश चन्द्र भट्ट को कोतवाली खटीमा, कोतवाली किच्छा के राजेश सिंह यादव को थाना सितारगंज, आदर्श कुमार थाना रूद्रपुर, मदन सिंह थाना गदरपुर, गणेश सिंह थाना पुलभट्टा, थाना गदरपुर के महेश चन्द्र जोशी को थाना केलाखेड़ा, वीरेन्द्र सिह राणा थाना कुंडा, महेश पंत मालखाना मो. काशीपुर, आनंद कुमार थाना नानकमत्ता, सीओ कार्यालय पंतनगर के सुमित प्रताप को सीओ कार्यालय आप्स, सीओ कार्यालय आप्स के प्रताप रिखाड़ी को सीओ कार्यालय पंतनगर आतदि पुलिस कर्मी शामिल हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# वर्षो से ज्यों की त्यों बनी है जलभराव की समस्या

## विधायक शिव अरोरा ने सिंचाई विभाग व सर्वे एजेंसी के अधिकारियों के साथ की बैठक

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कहा है कि जलभराव को लेकर नगरवासियो की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिये व्यापक कार्ययोजना पर मंथन किया जायेगा। जिसको लेकर शनिवार को विधायक शिव अरोरा ने सिचाई विभाग व सर्वे एजेंसी के साथ अपने कैम्प कार्यालय पर बैठक की जिसमे उन्होंने विभाग व सर्वे टीम द्वारा रुद्रपुर में होने वाले सर्वे के रोड मैप व कार्य करने प्रणाली पर चर्चा की । बैठक में विधायक शिव अरोरा ने बताया कि रुद्रपुर विधानसभा की महत्वपूर्ण समस्या में से एक जलभराव जो कई वर्षो से ज्यो की त्यों बनी हुई थी। जिसको लेकर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने भाजपा जिला अध्यक्ष रहते 2021 में रुद्रपुर में जब जल त्रासदी आयी थी उस समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं मौके पर आये थे और रुद्रपुर क्षेत्र में जलभराव की समस्या को स्वयं देखा था वही उस समय ही विधायक शिव अरोरा ने जलभराव के स्थायी समाधान हेतु पत्र दिया था जिसको लेकर मुख्यमंत्री स्वयं गम्भीर नजर आये थे वही 2022 में विधायक बनने के बाद से शिव अरोरा ने इस विषय को अपनी मुख्य प्राथमिकता में रखा जिसको लेकर विधायक ने अपनी दस बिन्दुओ में शामिल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समक्ष इस विषय को रखा। वही हाल ही में पन्तनगर में हुई विधायक समीक्षा बैठक में भी जलभराव के विषय को उठाया जिसको मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण विषय को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने हेतु शासन को आदेशित किया जिसके बाद जलभराव के स्थायी समाधान का रास्ता अपने पहले चरण की ओर कार्य आगे बढ़ा पाते हुए सिचाई विभाग विभाग द्वारा सर्वे के कार्य हेतु जिसका टेंडर भी कर



दिया गया है सर्वे के रूप मे वीके इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी द्वारा इसका कार्य किया जाना है।जिसमे एजेंसी द्वारा बताया गया कि अभी शुरुआत में उनके द्वारा 45 दिन के भीतर जलभराव की मुख्य कारणों व डाटा एकत्र कर रिपोर्ट तैयार करने का कार्य किया जायेगा यह सर्वे 245 दिन में पूरा होगा जिसको वार्ड वार किया जायेगा उसके बाद ही इसके कार्य पूर्ण होने पर इसकी डीपीआर तैयार की जायेगी। सिचाई विभाग ने बताया कि यह सर्वे में अन्य विभागों से भी डाटा संग्रह ओर इसके बाद एक सयुक्त रूप से बड़ी बैठक की जाएगी जिसमें सभी विभाग जनप्रतिनिधियों के साथ सभी के सुझावों को शामिल करते हुए अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा यह समस्या अब की नही है ओर कार्य को पूरा होने में कई वर्ष भी लग सकते है । चरणबद्ध रूप कार्य करते हुए इसमे सर्वे के आधार पर भी जलभराव के कारण का स्थायी समाधान निकल पायेगा । विधायक बोले इस कार्य की शुरुआत किसी को तो करनी ही थी हमने आज की है तो आने वाले समय मे धरातल पर भी नजर आयेगे ही ओर पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने रुद्रपुर के मुख्य विकास बिन्दु पर कभी ध्यान ही नही दिया और हमारी कार्यशैली कार्य करने की है पहले सिर्फ बातों में ही रह जाती थी घोषणा लेकिन अब समय बदला है और रुद्रपुर क्षेत्र में कई कार्य धरातल पर नजर आने लगेगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा जलभराव के स्थायी समाधान की ओर यह पहला कदम मील का पत्थर साबित होगा। जिससे आने वाली पीढ़ी को हम जलभराव से निजात दिलाने के लिये बेहतर भविष्य दे सकेंगे। इस दौरान सिचाई विभाग से अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार, पी सी पांडेय, सहायक अभियंता हरीश चंद्र, राज चक्रवर्ती, सर्वे टीम से पुरषोत्तम कुमार और भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, सुनील यादव, डंम्पी चोपड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवियों ने राजूपाल का इलाज कर छोड़ा आश्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजसेवी हेमंत गोनिया व मनोज भट्ट द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती राजू पाल उम्र 28



वर्ष निवासी बनारस उत्तर प्रदेश जिसे रुद्रपुर में गाड़ी द्वारा टक्कर मार दी गई थी। उसके ऑपरेशन में 50 हजार रुपए खर्च हुए। उसकी रीड की हड्डी का ऑपरेशन कर प्लेट डाली गई थी। डॉक्टरों द्वारा बताया गया था उसकी दोनों टांगे खराब हो चुकी हैं। वह अब जिंदगी भर चल फिर भी नहीं सकता। सुशीला तिवारी के प्रधानाचार्य अरुण जोशी अस्पताल प्रशासन ने भी उसकी बहुत मदद की। हेमंत गोनिया द्वारा इन्हें नगद राशि दिलाई गई और अस्पताल में इलाज भी कराया गया। राजू पाल के आगे पीछे कोई नहीं है। राजू पाल को आश्रय सेवा समिति वृद्धा आश्रम दमुआढुंगा में आश्रम संचालक प्रकाश धीमरी को सौंपा गया और आश्रम को 3500 रुपए नगद भी दिए गए। राजू पाल की आप भी मदद कर सकते हैं।

## गणेश गार्डन में फलदार और छायादार पौधे लगाए

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।आओ पेड़ लगाओ अभियान के अंतर्गत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने रविवार को गणेश गार्डन में 50 फलदार और छायादार पौधे लगाए। कालोनी वासियो ने इन पौधों के सरक्षण की जिम्मेदारी ली। राइजिंग फाउंडेशन का पिछले एक माह से पेड़ लगाओ अभियान चल रहा है।शहर की कई कालोनियों में संस्था 500 से अधिक पौधे लगा चुकी है। आज भी फाउंडेशन द्वारा गणेश गार्डन में अमरूद ,नींबू, कचनार, हरसिंगार, अमलताश आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे । कालोनी वासियों ने भी अभियान में बढ़ चढ़ कर भागेदारी की। फाउंडेशन अध्यक्ष विजय आहूजा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से पौधे लगाने और उनकी देखभाल की



जिम्मेदारी उठाने की अपील की।उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। हर संभव यह प्रयास किया जाए कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण व जल संचय किया जाए जिससे बेहतर कल का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। यदि धरती से पेड़ पौधे लुप्त हुए तो मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा। इस अवसर पर ओंकार सिंह,संजय ठुकराल, प्रभाकांत दुबे, योगेश यादव , रामकुमार, मनीष ,यशवंत मेवाड़ी, उपकार गोड ,महेश आर्य,विपिन अरोरा,सुनील शर्मा,अनूप दास, महेश कुशवाहा, गौतम थापा एके सिंह, मोहन राम सुनील आर्य, चंद्रकला राय, सुमन , पिंकी तिवारी, मैरी थापा, दीपा राय,सोनम सिंह आदि मौजूद थे।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338